# POLICE COMMISSIONERATE

## GAUTAM BUDH NAGAR

### सराहनीय कार्य/प्रेस विज्ञप्ति – दिनांक 29.08.2024

**थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा ROBOTECHPRO IT LLP एवं M/S INTRAVISOR TECHNOLOGIES (OPC) PVT LTD कम्पनी के नाम से फर्जी आर्टीफिसीयल इंटेलीजेस ALGO ट्रेडिंग सॉफटवेयर का फेसबुक. इन्सटाग्राम, LINKEDIN आदि सोशल मिडिया प्लेटफोर्म पर प्रचार-प्रसार करके शेयर ट्रेडिंग करने वाले ग्राहकों के साथ धोखाधडी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 05 अभियुक्तगण (04 पुरूष एवं 01 महिला) गिरफ्तार, कब्जे से कार्य में प्रयुक्त उपकरण 33 लैपटॉप, 23 की-पैड मोबाइल, 10 एन्ड्रोइड मोबाइल फोन (भिन्न-भिन्न कम्पनी के), 01 एचपी प्रिंटर, 03 स्टाम्प मोहर, 03 क्यू आर कोड, सर्टिफेकेट, ई स्टाम्प प्रपत्र एवं चैक बुक बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस को शिकायतकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि उसने इंस्टाग्राम पर ROBOTECHPRO IT LLP का विज्ञापन देखा और 35,000 का पैकेज लिया, जिसमें उसको 02 लाख का नुकसान हुआ तथा शिकायतकर्ता को कहा गया कि 03 लाख का पैकेज ले लो, सभी नुकसान की पूर्ति हो जायेगी। जब शिकायतकर्ता द्वारा 03 लाख का पैकेज ले लिया गया और उसे फिर नुकसान हुआ तो उसके बाद शिकायतकर्ता से बताया गया कि आप 05 लाख का पैकेज ले लीजिए जिससे आपके सभी नुकसान की भरपाई हो जायेगी।

प्राप्त प्रार्थना पत्र के जांच के क्रम में एच-110 सेक्टर-63 में चतुर्थ तल पर संचालित की जा रही ROBOTECHPRO IT LLP पर जाकर जांच की गयी तो ROBOTECHPRO IT LLP का पंजीकृत कार्यालय OFFICE NO 10A, 3RD FLOOR, A SQUARE SECTOR 73 NOIDA DISTT- GAUTAM BUDDHA NAGAR 201301 UTTAR PRADESH INDIA पाया गया, जिसके बाद कम्पनी में काम कर रहे मैनेजर से कम्पनी के कागजात एवं अन्य सर्टिफिकेट के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो उनके द्वारा एक सर्टिफिकेट ROBOTECHPRO IT LLP OFFICE NO 10A, 3RD FLORE A SWUARE SECTOR 73 NOIDA

DISSTT- GAUTAM BUDDHA NAGAR 201301 UTTAR PRADESH INDIA प्रस्तुत किया, प्राप्त सर्टिफिकेट को उसके नम्बर से जारी करने वाली संस्था magnitude management services pvt- ltd- की वेबसाइट पर चैक किया गया तो सर्टिफिकेट का SUSPENDED कारण SUSPENDED –CLIENTS (SURVEILLANCE NOT DONE) प्रदर्शित हुआ तथा इसी क्रम में सॉफ्टवेयर विक्रय करने वाली कम्पनी के अनुबन्ध पत्र का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि API स्मार्टब्रीज नामक सॉफ्टवेयर का निर्माण करके विक्रेता कम्पनी द्वारा इसे सेबी के रजिस्ट्रर ब्रोकर, सब ब्रोकर व अधिकृत व्यक्ति को ही विक्रय किया जाना बताया गया है। इस सम्बन्ध में ROBOTECHPRO IT LLP कम्पनी के कर्मचारी से सेबी का सर्टिफिकेट मांगा गया तो दिखाने में असमर्थ रहे। ऑफिस में रखे लैपटाप INFINIX का पासवर्ड खुलवाकर देखा गया तो लैपटाप में प्रेरणा मोर्य का वाटसअप लॉग इन मिला जिसको चैक किया गया तो ROBOTECH-ACCOUNTS के नाम से एक ग्रुप बना था, जिस पर कम्पनी के सम्बन्ध में कम्पनी के एकाउण्ट की स्टेटमेन्ट शेयर की गयी थी तथा लैपटॉप में गुगल DOC-SHEET POORNIMA RTP लिखा था जिसका अवलोकन किया गया तो कुछ ग्राहको का विवरण था, जिसे ग्रीन पट्टी से अंकित किया गया था और अन्त में PAID लिखा था। PAID शब्द के सम्बन्ध में पूछा गया तो बताया गया कि जिस पर PAID लिखा है वह सॉफ्टवेयर ग्राहक खरीद चुका है।

गुगल DOC-SHEET में अंकित नाम 1-Pankaj zanzmera 2-PATADIYA SURESH 3.राजेश 4-राकेश राणा 5-हरदीप गोयानी आदि से बात की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों को ROBOTECHPRO का सॉफ्टवेयर देते समय प्रलोभन दिया गया था कि आपको हमारे सॉफ्टवेयर से फायदा होगा। जब शुरु में सॉफ्टवायेर लिया तो पहले नुकसान हुआ तो इनके द्वारा बताया कि आप हमारा अपग्रेड सॉफ्टवेयर खरीद लीजिए जिस पर हमारे द्वारा अपग्रेड सॉफ्टवेयर खरीदा गया परन्तु उससे भी कोई फायदा नही हुआ और इस प्रकार इन लोगों ने हमारा पैसा ठग लिया। इनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी upi id rtpro@kotak को साइबर पोर्टल पर चैक किया गया तो 03 शिकायत प्रदर्शित हुई, जिनके अकनोलिजमेन्ट न0 इस प्रकार है- 1-20212230040724 स्टेट आन्ध्र प्रदेश 2-31102240031392 स्टेट गुजरात 3-31103240038994 स्टेट गुजरात है।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **29.08.2024** को थाना सेक्टर-63, नोएडा पुलिस द्वारा ROBOTECHPRO IT LLP एवं M/S INTRAVISOR TECHNOLOGIES (OPC) PVT LTD कम्पनी के नाम से फर्जी आर्टीफिसीयल इंटेलीजेस ALGO ट्रेडिंग सॉफटवेयर का फेसबुक. इन्सटाग्राम, LINKEDIN आदि सोशल मिडिया प्लेटफोर्म पर प्रचार-प्रसार करके शेयर ट्रेडिंग करने वाले ग्राहकों को मोटा लाभ कमाने का झांसा देकर उनके साथ धोखाधडी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 05 अभियुक्तगण (04 पुरूश एवं 01 महिला) क्रमशः 1-अमर सिंह बौद्ध पुत्र श्री सूर्य बौद्ध 2-पुरुषोत्तम पुत्र विनोद सिंह 3-प्रमोद पुत्र मनोज सिंह 4-दीपक कुमार पुत्र राम बालक राय 5-एकता पुत्री जितेन्द्र को एच-110 सेक्टर-63 चौकी क्षेत्र एच ब्लॉक से उक्त कार्य में प्रयुक्त उपकरण 33 लैपटॉप, 23

कीपैड मोबाइल, 10 एन्ड्रोइड मोबाइल फोन (भिन्न-भिन्न कम्पनी के), 01 एचआर प्रिंटर, 03 स्टाम्प मोहर, 03 क्यू आर कोड, सर्टिफेकेट, ई स्टाम्प प्रपत्र, 04 मोबाइल जामातलाशी सहित **गिरफ्तार** किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं उनसे बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सैक्टर 63, नोएडा पर मु0अ0सं0 384/2024 धारा 318(4)/316(2)/111 बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया

**अपराध करने का तरीका--** गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा ROBOTECHPRO IT LLP एवं M/S INTRAVISOR TECHNOLOGIES (OPC) PVT LTD कम्पनी के द्वारा आर्टीफिसीयल इंटेलीजेस ALGO ट्रेडिंग सॉफटवेयर का फेसबुक. इन्सटाग्राम, LINKEDIN आदि सोशल मिडिया प्लेटफोर्म पर प्रचार-प्रसार करके शेयर ट्रेडिंग करने वाले ग्राहकों को मोटा लाभ कमाने का झांसा देकर ग्राहको को बताया जाता था कि हमारे पास एक ऐसा आर्टीफिसियल इन्टेलिजेन्स ALGO ट्रैडिंग सॉफ्टवेयर है, जो शेयर बाजार के विभिन्न टेक्निकल फाइनेनशियल डाटा को एनालाइज करके शेयर चुनता है और फिर उस पर शेयर ट्रेडिंग करता है। अभियुक्तगण द्वारा बनाये गये ALGO सॉफ्टवेयर द्वारा ग्राहको को मार्केट एनालेसिस करके अधिक से अधिक मुनाफा कमाकर देने का दावा किया जाता था। सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक. इन्सटाग्राम, LINKEDIN पर किए गये इन लोगों के प्रचार-प्रसार को देखकर ग्राहक इनके एड पर अपनी डिटेल डाल देते थे, जिसके बाद इनके सैल्स वाले कॉल करके ग्रहाकों से सम्पर्क करते थे और उन्हे प्रलोभित करके अपना सॉफ्टवेयर खरीदने के लिये बोलते थे जिसका यह लोग 14,000/रूपये से लेकर 1,20,000/रूपये तक वूसल करते थे। जब ग्राहक प्रलोभित हो जाता था तो इन लोगों द्वारा उससे सॉफ्टवेयर के सर्विस चार्ज के रुप में 11999/प्रति माह तथा 18 प्रतिशत जीएसटी कुल करीब 14000/प्रति माह के रुप में ले लिया जाता था तथा उन्हे एक लिंक मेल के माध्यम से भेज दिया जाता था जिस पर क्लिक करके ग्राहको को अपना आईडी व पासवर्ड डालना होता था, जिससे इन लोगो को पता चल जाता था कि ग्राहक हमारी कम्पनी से जुड गया है। इसके बाद ग्राहक को एक शेयर इन्डैक्स या लॉट बता दिया जाता था, जो ग्राहक इन लोगो द्वारा भेजे गये सॉफ्टवेयर पर भर देता था और उसे कितनी संख्या में खरीदना है ये भी भर देता था। जिसके बाद सॉफ्टवेयर ग्राहक द्वारा भरे गये डाटा के अनुसार ट्रेडिंग करता था इसमें कही भी आर्टीफिसियल इन्टेलिजेन्स का प्रयोग नही होता था। इसके बाद जब ग्राहक को ज्यादा नुकसान हो जाता था ओर वह कम्पनी से अपने पैसे वापस मांगता था तो यह लोग बोलते थे कि हम पैसे वापस नही देगें। इसके बाद इनकी दूसरी कम्पनी M/S INTRAVISOR TECHNOLOGIES (OPC) PVT LTD के लोग ग्राहक को कॉल करते थे और ROBOTECHPRO IT LLP की बुराई करते हुए कहते थे कि आप हमारी कम्पनी के सॉफ्टवेयर से ट्रेडिंग करिए जिसमें निष्चित ही आपको लाभ होगा, जबकि M/S INTRAVISOR TECHNOLOGIES (OPC) PVT LTD कम्पनी भी इन्ही लोगों द्वारा संचालति की जा रही थी। जो उसी इस तरह से ग्राहक को दो बार ठगा जाता था। अभियुक्तगण दूसरे प्रदेषों के लोगों को टारगेट करते थे।

अभियुक्तगण उपरोक्त से जब यह पूछा गया कि जब शेयर का नाम एवं खरीदने की संख्या आप लोग ही ग्राहको को बता रहे थे तो इसमे ALGO या AI का प्रयोग कहा किया गया। इस पर अभियुक्तगण ने एक स्वर में बताया कि इसमे ALGO या AI का कोई प्रयोग नहीं है। अभियुक्तगण उपरोक्त से शेयर मार्केट में पैसा लगवाने से पहले एनालेसिस करने के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो बताया गया कि हमारा कही कोई मार्केट रिसर्च नहीं होता था। हम लोग ऐसे ही कोई भी शेयर ग्राहको को बता देते थे, जिस पर ग्राहक अपना पैसा लगा देते थे। जब हमारे द्वारा बताये गये शेयर पर ग्राहक को नुकसान हो जाता था तो हम उससे कहते थे कि आप हमारे सॉफ्टवेयर का अपग्रेडिड वर्जन ले लीजिए, जिसमे मुनाफे के अवसर ओर अधिक बढ जाते है एव इसके लिये ग्राहको से और पैसा मांगा जाता था, जब ग्राहक हमे पैसे का भुगतान कर देते थे तो हम उन्हे बताते थे कि कोडिंग के माध्यम से आपके सॉफ्टवेयर को अपग्रेड कर दिया गया। आप फिर से हमारे बताये शेयर पर पैसा लगा दीजिए आपको अवश्य ही मुनाफा मिलेगा। इसके बाद ग्राहक हमारे बताये शेयर पर फिर से पैसा लगा देता था और फिर से नुकसान उठाता था। इस क्रम में किसी-किसी ग्राहक को कभी कभार मुनाफा भी हो जाता था तो उसके बारे में हम अन्य ग्राहको को बताकर हम उन्हे प्रलोभित करते थे और अधिक से अधिक पैसा लगाने के लिये उकसाते थे। इसी प्रकार ग्राहको को प्रलोभित करके उनके साथ धोखाधडी करते थे।

सैल्स हैड प्रमोद एवं दीपक द्वारा यह भी बताया गया कि हम लोग कम्पनी के कर्मचारीगण को कम्पनी के एडवर्टाइजमेन्ट से प्राप्त डाटा प्रदान करते थे तथा उनसे ग्राहको को कॉल कराकर प्रलोभित कराकर अपने खातो में पैसा ट्रांसफर करवा लेते थे। हम लोगो के खिलाफ कोई शिकायत ना कर सके इसलिए हम मोबाइल सिम अपने यहाँ कर्मचारीगण की आई डी पर ही क्रय कराते थे ताकि यदि कोई भविष्य में शिकायत करे तो हमारा कही नाम ना आये। वहां कार्य कर रहे सभी कर्मचारीगण के विषय में पूछा गया तो इन दोनो ने एक स्वर में बताया कि यहाँ कार्य करने वाले किसी भी कर्मचारी को हमारे असली कार्य के बारे में कोई जानकारी नहीं थी ये वही करते थे जो हम इन्हे निर्देशित करते थे।

इस प्रकार से अभियुक्गण उपरोक्त द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधडी की गयी है।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--

1. अमर सिंह बौद्ध पुत्र श्री सूर्य बौद्ध निवासी नई बस्ती मउरानीपुर थाना मउरानीपुर जिला झांसी हाल पता पाइन रेजीडेन्सी फ्लॉ न0 301 ग्राम सर्फाबाद सेक्टर-72 थाना सेक्टर-113, जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 26 वर्ष
2. पुरुषोत्तम पुत्र विनोद सिंह निवासी वीर सिंह पुरा थाना वीरसिंह पुरा जिला धनबाद झारखण्ड हाल पता राधा कृष्ण सोसाइटी सर्फाबाद थाना सेक्टर-113, जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 25 वर्ष
3. प्रमोद पुत्र मनोज सिंह निवासी खानपुर थाना ढेढनी जिला छपरा बिहार हाल पता वंदना कालोनी साहिल पब्लिक स्कूल के पास खोडा कालोनी थाना खोडा, जनपद गाजियाबाद उम्र 32 वर्ष

4. दीपक कुमार पुत्र राम बालक राय निवासी वार्ड न0 8 सिहायाही रोड नियर मरगटिया़ थाना पुपरी जिला सीतामढी बिहार हाल पता डी-8 मोरना थाना सेक्टर-24, जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 34 वर्श
5. एकता पुत्री जितेन्द्र निवासी जेबी 3 मकान न0 59 वेलकम सिलमपुर थाना वेलकम दिल्ली 53 उम्र 23 वर्श

**बरामदगी का विवरण--**

1. 33 लैपटॉप
2. 23 कीपैड मोबाइल
3. 10 एन्ड्रोइड मोबाइल फोन (भिन्न-भिन्न कम्पनी के)
4. 01 एचआर प्रिंटर
5. 03 स्टाम्प मोहर
6. 03 क्यू आर कोड
7. सर्टिफेकेट
8. ई स्टाम्प प्रपत्र
9. 01 चैक बुक

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 384/2024 धारा 318(4)/316(2)/111 बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा